## पायलट के जन्म दिवस से परोपकार सप्ताह शुरू

**बूंदी, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्म दिवस पर शनिवार प्रातः बूंदी में साधु संतों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार से गौपूजन के साथ परोपकार सप्ताह का प्रारंभ हुआ। बूंदी बहादुर सिंह सर्किल पर गोपाल योजना के तहत गौवंश को हरा चारा डालकर चारा गाड़ी को रवाना किया।राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने चारा गाड़ी को गौसेवा के लिये रवाना किया।

प्रातः 10 बजे मीरा गेट जंगम की बगीची गौशाला में मंत्रोच्चार के साथ साधु संतों की उपस्थिति में विधिवत गौ पूजन किया गया।साधु संतों का पूजन भी किया गया।जूना अखाड़ा से जुड़े महंत मनमोहनानन्द गिरी,महंत देवेंद्र गिरी का राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश ने माल्यार्पण तिलक लगाकर व पीताम्बर भेंट किया। गौशाला में गायों को फल व हरा चारा खिलाये गये। पं श्रवण शर्मा ने मंत्रोच्चार से गौपूजन सम्पन्न करवाया।

इस अवसर पर संत महंत देवेंद्र गिरी ने कहा कि गौमाता में कोटि कोटि देवताओं का निवास होता है।उन्होंने कहा कि गौमाता के चरणों मे ही सारे तीर्थ और चारो धाम होते है।गौसेवा सबसे बड़ा पुण्य है।मानव जीवन में सभी को नियमित गौ सेवा करनी चाहिये। राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कि सचिन पायलट के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सचिन पायलट युवाओं के लोकप्रिय नेता है।उन्होंने कहा गौमाता की सेवा मानवता की सच्ची सेवा है।

# सचिन पायलट के जन्म दिवस पर कोटा में शुरू हुआ अनोखा अभियान

## कांग्रेसियों ने गायों के गले में रेडियम कॉलर पट्टी बांधने का अभियान चलाया

**कोटा, (निसं)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर कोटा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य क्रांति तिवारी के नेतृत्व में एक अनूठा और कारगर महाअभियान शुरू किया गया।

क्रांति तिवारी और उनकी टीम के द्वारा रेडियम की कॉलर पट्टी का तैयार की गई जो की गायों के गले में बांधने के काम आती है। इस रेडियम की वजह से अंधेरे में चमकने के कारण हाईवे पर होने वाले दुर्घटनाओं में भारी कमी आएगी जिसके कारण गौमाता और अपने-अपने वाहनों से चलने वाले राहगीरों को दोनों को दुर्घटना से राहत मिलेगी। तिवारी ने अपने साथियों के साथ इस आभियान की शुरूआत कोटा से करते हुए कोटा-बूंदी के लोकसभा उम्मीदवार प्रहलाद गुंजल के द्वारा गाय को रेडियन कॉलर पहना कर इस आभियान की शुरूआत की। उसके बाद गाड़ियों के काफिले के साथ कोटा बारां हाइवे पर पहुंच कर हाईवे पर बीच सड़क पर बैठी हुई गाय और बैलों को साथ में ले गई रोटी और हरा चारा खिलाकर उनको दुलारते हुए सावधानी पूर्वक उनके गले में यह रेडियम की कॉलर पट्टी बांधी गई।

तिवारी ने बताया कि यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। हाडोती में इसको धीरे-धीरे तेज किया जाएगा। आज 125 गायों को रेडियम की कॉलर पहनाई गई। इस अवसर पर एडवोकेट मनीष गुर्जर, रिंकू गुर्जर, अशोक मेघवाल, इमरान कुरैशी, हर्ष शर्मा, अजय खजोतीया, तोसिफ खान, सौरव विजय, महावीर राठौर, डॉनी जागिंड, गिरिराज गौतम, राकेश पीपाड़ा, दिलखुश गुर्जर, दिलीप लखारा, दीपक मीणा, राजू अंसारी उपस्थित रहे। वही राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आबिद कागजी ने बताया कि सचिन पायलट के जन्मदिवस पर गोदावरी धाम गौशाला, कायन हाउस, किशोरपुरा एवं बंधा धर्मपुरा गौशाला में गायों के लिए 125 क्विंटल हरा चारा गुड़ तिल की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर कोटा-बूंदी लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने कहा कि सचिन पायलट का जन्मदिन देशभर में मनाया जा रहा है, उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई है, उनके दीघायु और उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

कांग्रेस महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि गायों की सेवा ही सच्ची सेवा है। कांग्रेस कार्यकर्ता निरंतर इन कार्यों में अग्रणी है। शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि सचिन पायलट के जन्म दिन पर गौ सेवा सच्ची सेवा है देहात कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सरोज मीणा ने कहा की सचिन पायलेट के जन्म दिन पर हजारों क्विंटल चारा गायों को दान किया जा रहा है इससे बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं है पीसीसी मेंबर रामकुमार दाधीच ने कहा कि सचिन पायलट युवाओं के



कोटा में सचिन पायलट के जन्मदिवस पर पीसीसी सदस्य क्रांति तिवारी द्वारा शुरू किए गए अभियान की लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने शुरुआत की।

- **कांग्रेसजनों ने संगठित होकर पायलट का जन्म दिवस मनाया**

प्रेरणा स्त्रोत है, उनके मार्गदर्शन में सभी लोग गायों की सेवा कर रहे हैं। पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर ने कहा कि हम सभी मिलकर गायों की सेवा करते हुए न केवल चारा और गुड़ खिला रहे हैं बल्कि उनकी चिकित्सकीय सेवा के रूप में भी काम कर रहे हैं।

बीमार गायों की मदद कर रहे हैं। इस अवसर पर उप महापौर पवन मीणा, नईमुद्दीन गुड्डू, शिवराज गुंजल, राधेश्याम वर्मा, पीसीसी सचिव मंजूर तंवर, जिला महासचिव विकास शर्मा, प्रदेश सचिव शिवकांत नंदवाना, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस पूजा सिंह सांगोद, ब्लॉक अध्यक्ष कुशल पाल सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, हेमराज चारण अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भगवान सिंह चौहान, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल मेवाड़ा, दिनेश जोशी, आमीन रंगरेज, उपेंद्र राठौड़, पार्षद शमा मिर्जा, पार्षद सुमन पेशवानी, पूर्व पार्षद ईश्वर गंभीर, आसिफ मिर्जा, बादशाह खान, अहमद खान, विपिन बरथूनिया सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### 'आनंद का पर्व है गणेश महोत्सव'



**बून्दी, (निसं)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएडी राजीव दत्ता गणेश महोत्सव पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में सम्मलित हुए। इस दौरान उन्होंने यहां मंशापूर्ण गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना कर सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि का कामना की। दत्ता ने कहा कि भारतीय पर्व और त्यौहार जनमानस को परस्पर जोड़ने का कार्य करते हैं। गणेश चतुर्थी भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा उल्लास और आनंद का अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भगवान श्रीगणेश की स्थापना की समृद्ध परंपरा है। हम सभी किसी भी धार्मिक और शुभ आयोजन में सबसे पहले उन्हें ही स्मरण करते हैं। आज से आने वाले कुछ दिनों तक हम सभी प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की भक्ति आराधना करेंगे। बून्दी में गणेश महोत्सव पर शोभायात्रा की पुरानी परम्परा रही है, इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत का अटूट हिस्सा भी है, आने वाले वर्षों में और गणेश महोत्सव को भव्य बनाने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा में शामिल झांकियों का भी स्वागत किया।

### नेत्रदानी परिजन सम्मान समारोह आज

**कोटा, (निसं)।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोटा चैप्टर द्वारा नेत्रदाताओं के परिजनो का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी के कोटा चैप्टर के अध्यक्ष डॉ.के.के. कंजोलिया ने बताया कि रविवार को प्रातः 10 बजे रोटरी बिनानी सभागार, शॉपिंग सेंटर में आयोजित किया जाएगा। हाड़ौती क्षेत्र के 70 नेत्रदानी परिवारो का सम्मान किया जा रहा है। सचिव सुरेश सेडवाल ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर समितियों का विभाजन किया जा चुका है। संयोजक सुरेश पाण्डेय ने बताया ने बताया कि नेत्रदानी परिजनों को कृतज्ञता प्रेषित करने के सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा, तकनीकि विश्वविद्यालय के कुलपति एस.के.सिंह, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश सोनी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला-अध्यक्ष के.के. कंजोलिया ने बताया कि शनिवार को देव पब्लिक स्कूल, प्रेमनगर में सोसायटी द्वारा नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर नेत्रदान के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में हर गोविंद विजय, आशीष विजय और स्कूल के स्टॉफ तथा 250 छात्र शामिल हुए।

### वरिष्ठ नागरिक संस्थान की बैठक

**कोटा, (निसं)।** संस्थान के अध्यक्ष टी.पी.एस. सेठी ने अगस्त 29 एवं 30 तारीख को वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा आयोजित देव दर्शन यात्रा का विवरण देते हुए सभी आयोजकों का धन्यवाद दिया। महेश चतुर्वेदी द्वारा पिछली बैठक का करवाई विवरण सदन में पढ़कर अनुमोदन करवाएं गए। नरेंद्र पाल द्वारा देव दर्शन यात्रा के आय और व्यय का ब्यौरा दिया। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक रहे वरिष्ठ नागरिक संस्थान के सदस्यों का सम्मान किया गया। सितंबर माह में जिन साथियों के जन्म दिन आते हैं और नए बनाए सदस्य का संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और सम्मान किया गया। बैठक में कुल 91 सदस्यों ने भाग लिया और 5 नए सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिक संस्थान की सदस्यता दिलवाई। इक्विटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह ने बचत और इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सांस्कृतिक गतिविधियां, हाउजी आदि मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एन.एस.कपूर और महामंत्री बी.एस.वर्मा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन राम मदनानी द्वारा वोट ऑफ थैंक्स दिया गया। अंत में शहीदों को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

### गायों को चारा खिलाया

**छबड़ा, (निसं)।** कांग्रेस महासचिव व टोंक विधायक सचिन पायलट के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने गौशाला में वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोविंद दरबार के नेतृत्व में गायों को चारा डाला गया। यहां प्रवीण शर्मा, पार्षद खालिद राणा, दीपक त्यागी, विजेंद्र साहू, वतन मीणा, जुबेर खान, नितिन मालव, राशिद भाई आदि मौजूद थे। पार्षद राणा के अनुसार सोमवार को पालिका ईओ को ज्ञापन देकर अवगत करवाया जाएगा कि शहर की गलियों व सड़कों पर आवारा गाय घूम रही है और रात-दिन सड़कों पर बैठे रहने के कारण आए-दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। जिससे गायें घायल होती हैं। पशुधन को गौशाला भिजवाने की मांग की जाएगी।

### पौधारोपण किया, फल भी बांटे

**छबड़ा, (निसं)।** सेवानिवृत सहायक वनपाल राधाकृशण नागर को पौत्र प्राप्ति पर राजकीय चिकित्सालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए और मरीजो को फल वितरित कर किए। नागर ने अधिकाधिक पौधरोपण करने की अपील की। यहां रिटायर्ड वनपाल भगवती प्रसाद षर्मा, अनिल अरोड़ा, गुड्डी बाई, संतोश बाई, कल्पित नागर, हिमांषु नागर, दीपेंद्र नागर (बिट्टू), पवन नागर, रामकुमार मीणा, किषन गुर्जर, छीतरलाल गुर्जर, इंद्रराज नागर, चंदू यादव आदि मौजूद थे। वही, अग्रवाल महिला मण्ड़ल द्वारा पौधरोपण व पुल पार्टी का आयोजन किया। यहां विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की। यहां किरण गर्ग, कृशणा गर्ग, मनीशा गर्ग, भावना गोयल, सोनाली सिंघल, आषा अग्रवाल, विद्या गोयल, राधा सिंघल, मंजू बिंदल, पदमा गोयल, ज्योति गर्ग, लक्ष्मी मंगल, राखी गर्ग आदि ने भाग लिया।

### प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**बूंदी, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बूंदी के तत्वाधान में दिनांक 7 से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला मुख्यालय पेच ग्राउंड बूंदी पर शनिवार को प्रारंभ हुआ। सीओ स्काउट सुरेंद्र कुमार मेहरड़ा ने बताया कि आयोजित हो रहे शिविर में जिले के सातों लोकल एसोसिएशन के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ।

## रोटतीज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**छबड़ा, (निसं)।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज ने शुक्रवार को रोट तीज का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर घर-घर में पूजा अर्चना कर रोट खीर चूरमा बनाया तथा महिलाओं ने परिवार की मंगल कामना के लिए मन्दिर में पूजा अर्चना कर उपवास भी रखें। पर्युषण पर्व का आज से भव्य आगाज होगा। इस अवसर पर सांगानेर से आये भैय्याजी के सानिध्य में पूजा अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य मन्जू लुहाड़िया एवं अध्यक्ष डोली जैन के अनुसार समाज में मान्यता है कि पूजा अर्चना कर इस उपवास को रखने से परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है तथा कष्टो का निवारण होता है। पर्व के अवसर पर अपने मिलने वालों को खाने पर बुलाया गया। महिला मण्डल अध्यक्ष डोली पाटनी एवं संरक्षक मन्जू लुहाड़िया के अनुसार आज से पर्युषण महापर्व का आगाज होगा। पर्व के दौरान सुबह 7:30 बजे भगवान की अभिषेक शांति धारा होगी। उसके बाद सांगानेर से आए भैया कमलेश कुमार शास्त्री एवं नीरज शास्त्री के सानिध्य में नित्य नियम पूजा, दशलक्षण विधान की पूजा अर्चना होगी। शाम को महाआरती एवं दशलक्षण धर्म पर प्रवचन होंगे एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। यह होगी प्रतियोगिताए- पर्यूषण पर्व के दौरान तीर्थवदंना, आरती नृत्य, धर्म मुझसे चलता है, अष्टद्रव्य बनो एवं सजाओ, आओ सुनाएं तुमको एक कहानी डाइस गेम, फैंसी ड्रेस, गरबा नृत्य प्रभु आराधना, मैना सुंदरी लघु नाटिका, धर्म चक्र, भक्तामर पाठ 48 दीपक से प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

## मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी

**कोटा, (निसं)।** मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम को लेकर जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर स्कूलों में नो बेग डे पर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को चिकित्सा विभाग के कार्मिकों ने स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को मच्छर जनित मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम के बारे में जागरूक किया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि 457 स्कूलों में 53919 बच्चों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर मच्छरों के प्रजनन स्थल, मच्छर के जीवन चक्र और इसकी रोकथाम के बारे में जानकारी गई। साथ ही हर रविवार को घरों में सूखा दिवस मनाने के लिए प्रेरित किया।

## 70 वर्षीय रोगी के पित्ताशय से 6110 स्टोन निकाले

**कोटा, (निसं)।** शहर में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग रोगी के पेट से एक साथ 6110 पथरी दूरबीन ऑपरेशन द्वारा बाहर निकालने का रोचक मामला सामने आया है।

तलवंडी स्थित निजी चिकित्सालय के निदेशक वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ.दिनेश जिंदल ने बताया कि पदमपुरा, बूंदी निवासी एक बुजुर्ग कई दिनों से पेट दर्द, गैस, पेट में भारीपन और उल्टी की समस्या से परेशान था। बुजुर्ग के परिजनों ने कोटा आकर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. जिंदल से परामर्श लिया।

उन्होंने सोनोग्राफी द्वारा 12 गुणा 4 सेमी मोटाई के पित्ताशय की जांच की तो पता चला कि उसमें पूरी तरह पथरी भरी हुई है। पित्ताशय में पित्त दिखाई नहीं दिया। ऐसी स्थिति में दूरबीन द्वारा ऑपरेशन करना मुश्किल कार्य था।

- **कोटा में दूरबीन ऑपरेशन द्वारा 70 वर्षीय रोगी के पेट से इतनी अधिक पथरी निकालने का कीर्तिमान**

क्योंकि ऑपरेशन के दौरान पित्ताशय में मामूली छेद हो जाने पर भी पूरी पथरी पेट में फैल सकती थी। साथ ही रोगी के शरीर में आंतरिक संक्रमण फैलने का अंदेशा भी था। जिंदल एंडो लेप्रोस्कॉपिक हॉस्पिटल में वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ.जिंदल ने इस दुर्लभ ऑपरेशन में टीम के साथ पित्ताशय को एंडोबेग में रखकर बाहर निकाला। जैसे ही पित्ताशय को खोला गया तो ढेर सारे स्टोन के टुकड़े दिखाई दिये। टीम सदस्यों ने लगातार ढाई घंटे मेहनत से गिनती की तो पता चला कि कुल 6110 स्टोन जमा हो गये थे।

यह संख्या सुनकर रोगी सहित परिजन चकित रह गये। सफल ऑपरेशन होने के बाद रोगी पूरी तरह स्वस्थ है, उसे अगले दिन ही घर भेज दिया गया। डॉ.जिंदल ने इससे पहले एक बुजर्ग रोगी के पित्ताशय से 8 गुणा 4 सेमी की पथरी और 45 वर्षीय रोगी के पित्ताशय से 5070 स्टोन निकालने का कीर्तिमान बना चुके हैं।

## आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार आज से

**कोटा, (निसं)।** जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण पर्व के साथ चंद्र प्रभु दिगंबर जैन समाज समिति की ओर से जैन मंदिर ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर का आगाज रविवार 08 सितंबर से रजत सिटी के सामने, महाराणा प्रताप सर्किल के पास ऋद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में होगा।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकमचंद पाटनी व मंत्री पारस बज ने बताया कि शनिवार को प्रातः 8.15 बजे आध्यात्मिक श्रावक साधना संस्कार शिविर के पंडाल का उद्घाटन एवं ध्वजारोहण किया गया। शिविर के मुख्य पुण्यार्जक परिवार मौसम त्रिपाल बूंदी रोड़, कुन्हाड़ी रहे। इस अवसर पर श्रुतसंवेगी आदित्य सागर जी मुनिराज संघ के मुनिराज ने अपने प्रवचन के माध्यम से अहंकार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जहां अहंकार होता है वहां आध्यात्म नहीं आ सकता है। पोस्टर व पुस्तक विमोचन-ऋद्धि-सिद्धि मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़ ने बताया कि शनिवार को पंडाल में गुरुदेव ने सामूहिक क्षमावाणी व स्वरचित पुस्तक वंदना पथ का विमोचन किया। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, कार्याध्यक्ष जे.के. जैन, प्रकाश बज, महामंत्री विनोद जैन टोरड़ी, मनोज जयसवाल, लोकेश जैन, नरेश जैन वेद, मुकेश पापड़ीवाल, दीपक डीसीएम, कपिल आगम, पारस कासलीवाल, पदम बड़ला, निर्मल अजमेरा, निशा जैन वेद, जैनेन्द्र कुमार जज सा. सहित कई लोग उपस्थित रहे। सामूहिक क्षमावाणी 22 सितंबर को-सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने बताया कि जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण पर्व के समापन पर क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है। कोटा शहर के 55 जैन मंदिरों में 18 सितंबर को क्षमावाणी पर्व आयोजित होगा और सकल दिगम्बर जैन समाज 22 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाएगा। कार्याध्यक्ष जे.के. जैन ने बताया कि 22 सितंबर को रजत सिटी के सामने, महाराणा प्रताप सर्किल के पास कुन्हाड़ी में दोपहर 01 बजे सामूहिक क्षमावाणी पर्व आयोजित किया जाएगा। इस क्षमावाणी में 10 हजार जैन श्रावक शामिल होंगे। सामूहिक क्षमावाणी के लिए 150 गुणा 250 वर्ग फीट का पंडाल बनाया गया है।

## मंत्रोचारण के साथ घर-घर में विराजे गणपति

**छबड़ा, (निसं)।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गणेश मंदिरों पर पहुंचकर विधिवत् पूजा-अर्चना की। छोटे-छोटे बच्चों ने अभिभावकों की मदद से अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए मिट्टी के भगवान श्रीगणेश की मूर्तियां बनाते हुए अपने-अपने घरों में संपूर्ण पूजा-अर्चना के साथ विराजित की। शनिवार सुबह शुभ मुहूर्त में पंडितजनों को घरों पर बुलाकर लोगों ने विधिपूर्वक मंत्रोचारण के साथ गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना की। वहीं, बाहरी दरवाजा स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर की फूल व विद्युत साज-सज्जा की गई। यहां सुबह से ही पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। गौरतलब है कि श्रीगणेश चतुर्थी पर घर-घर में गणेश मूर्ति की स्थापना की जाती है, निरंतर दस दिनों तक चलने वाला यह उत्सव सुख, शांति लेकर आता है। गजानंद को रोट और मेवा मिष्ठान के मोदकों का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की।

## "कोटा टूरिज्म"- विज़िट कोटा-यादगार की प्रति भेंट की

**कोटा, (निसं)।** "कोटा में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एकदम जागृति आ रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा कोटा टूरिज्मविज़िट कोटा-यादगार कोटा पुस्तक के संपादक एवं लेखक परमानन्द गोयल को पत्र के माध्यम से पुस्तिका लेखन के लिए सराहनीय प्रयास बताते हुए उल्लेख किया है कि कोटा के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें राज्य केंद्र एवं अन्य हितधारक अपना योगदान दे रहे हैं।

बिरला ने पर्यटन को व्यापक प्रचार-प्रसार की संभावना व्यक्त करते हुए एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार परमानन्द गोयल तथा उनके सहयोगियों को हार्दिक बधाई दी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को रिटायर्ड ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन, महामंत्री आर.के. जैन तथा पुस्तक के लेखक परमानन्द गोयल ने शनिवार को पुस्तक "कोटा टूरिज्म"-विज़िट कोटा-यादगार कोटा की प्रति भेंट की एवं कुछ समूहों से इस संबंध में चर्चा की गई। रिटायर्ड ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि पिछले दिनों नगर विकास न्यास के पूर्व राजस्व सलाहकार तथा एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार परमानन्द गोयल द्वारा लिखित एवं संपादित पुस्तक के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सतत् रूप से प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजपूत समाज की 201 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**बून्दी, (निसं)।** राजपूत सोशल वॉरियर्स संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को शहर के नैनवां रोड़ स्थित एक मैरिज गार्डन में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली राजपूत समाज की 201 प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर भूपेश हाड़ा मुख्य अतिथि थे, अध्यक्षता

- **'राजपूत समाज में बालिका शिक्षा को लेकर बहुत सकारात्मक बदलाव आया है जो अच्छा संकेत हैं'**

जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर ने की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि राजपूत समाज में बालिका शिक्षा को लेकर बहुत सकारात्मक बदलाव आया है जो अच्छा संकेत है। अब ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाएं भी उच्च पदों पर आसीन होने लगी है तथा राजपूत महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। कार्यक्रम को वार्षिक उत्सव संयोजक हिम्मत सिंह गौड़, सह संयोजक लोकेश सिंह हाड़ा, कोषाध्यक्ष गजराज सिंह सोलंकी, श्रीराज सिंह हाड़ा, उमा हाड़ा व महिला जिलाध्यक्ष इंदु कंवर ने भी संबोधित किया। समारोह में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, विश्वविद्यालय, खेलों के क्षेत्र व राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समाज के लिए विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बुधराज सिंह हाड़ा पचिपला को समाज रत्न, आशा कंवर बाछोला को सर्वश्रेष्ठ महिला कार्यकर्ता, हनुमंत सिंह राठौड़ को सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता तथा जय भवानी सद्भावना समिति को श्रेष्ठ समिति का पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुई प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। हाल ही में राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षिका कृष्णा हाड़ा व राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षिका उमा हाड़ा का भी सम्मान किया गया। हेरिटेज संरक्षण में सराहनीय योगदान देने वाले अरिहंत सिंह शेखावत, वन्यजीव संरक्षण में सेवाएं देने वाले पृथ्वी सिंह राजावत, वनकर्मी नरेंद्र सिंह खजुरा, भूपेंद्र सिंह सोलंकी, अभय प्रताप सिंह तलवास, भंवर सिंह बोरदामाल, कुलदीप सिंह नरुका सहित जिला स्तर पर सम्मानित राजपूत प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। संस्था के जिलाध्यक्ष रमणराज सिंह मलिकपुरा ने धन्यवाद दिया। संचालन जगदीश सिंह बन का खेड़ा व सचिव ओमराज सिंह हाड़ा ने किया।



राजपूत सोशल वॉरियर्स संस्थान द्वारा वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## गौ माता के लिए बनेगा आधुनिक टीन शेड

**बूंदी, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन पर आयोजित सेवा कार्यों के तहत बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने नैनवां रोड स्थित बड़ा रामद्वारा गौशाला में आधुनिक टीन शेड के निर्माण के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए की राशि की घोषणा करते हुए गौवंश के लिए 10 ट्रॉली हरा चारा एवं गुड़ एवं लापसी वितरण किया। इस अवसर पर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा गो सेवा कर जन्मदिन मनाया गया हैं। इस अवसर पर मैं अपने विधायक कोष से गोवंश के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा करता हूं, जिससे गौ माता के लिए बड़ा आधुनिक टीन शेड का निर्माण होगा। इन्होंने सचिन पायलट को पार्टी के लिए संघर्षरत बताया और कहा कि उनके पिता स्वर्गीय पायलट जी भी एक किसान नेता थे जो गोवंश से अत्यधिक लगाव रखते थे। शर्मा ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई प्रेषित करते हुए उनको स्वस्थ और आगे बढ़ते रहने की मंगल कामना भी की। पूर्व सांसद रामनारायण मीणा ने कहा कि सचिन पायलट हमेशा से ही किसानों के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं और धरातल पर रहते हुए सभी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर हमेशा संघर्ष करते रहते हैं।

## कोबरा सांप निकला

**कोटा, (निसं)।** शहर के डीसीएम इलाके के शनि मंदिर के सामने मंदिर के पुजारी के निवास से छह फीट लंबा कोबरा निकला। इसे देखने के बाद पूरे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया।

**खोया-पाया**

अयूब खान पुत्र युसूफ खान मकान नं. 6-F-9 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, भौतिक कब्जा पत्र व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गए है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

**कोटा विश्वविद्यालय, कोटा**

**महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा**

**ई-निविदा सूचना संख्या-16/2024-25**

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा वर्ष 2024 की परीक्षाओं के लिये मुख्त एवं प्रायोगिक उत्तर-पुस्तिकाओं को मुद्रण कर आपूर्ति हेतु योग्य निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में अनुमानित लागत रु. 1.70 करोड़ की खुली ई-निविदाएं दिनांक 26/09/24 के सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों का विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in, http:// sppp.rajasthan.gov.in और University website www.uok.ac.in पर उपलब्ध है।

UBN No.-UOK2425GLOB00018 कुलसचिव

